# सैनिक स्कूल नालंदा

## **प्रशासनिक/कार्यालयी कार्य के लिए विद्यालय परिसर में आगमन के सन्दर्भ में**

प्रिय पूर्व छात्र-छात्राएँ एवं उनके पालक/अभिभावकगण,

विद्यालय प्रशासन उपर्युक्त विषय के आलोक में विद्यालय परिसर में आगमन के लिए निम्नलिखित बिन्दुओं की ओर आप सभी का ध्यान आकर्षित कराना चाहता है |

1. किसी भी प्रकार के कार्यालयी/प्रशासनिक कार्य यथा स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (T.C), चरित्र प्रमाण-पत्र (Character Certificate), माईग्रेसन प्रमाण-पत्र इत्यादि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार (अवकाश छोड़कर**)** प्रात: 9:00 बजे से अपराहन 1:30 बजे तक ही निर्गत किया जायेगा |
2. उक्त प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए यदि आप विद्यालय में आना चाहते हैं तो पूर्व में निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र(NDC) की पूर्ण रूप से हस्ताक्षरित प्रति का पी०डी०एफ०(PDF) बनाकर लिखित आवेदन-पत्र के साथ संलग्न कर अपने आने के तीन दिन पूर्व विद्यालय के आधिकारिक ई-मेल आई0 डी0 पर अवश्य भेजें | यदि किसी कारणवश आपको रात्रि में रुकना है तो अपना प्रबंध विद्यालय परिसर के बाहर स्वयं करें |

   **किसी भी दशा में अनापत्ति प्रमाण-पत्र(NDC) की द्वितीय प्रति निर्गत नहीं की जायेगी |**

3. समस्त पूर्व छात्र-छात्राओं से उम्मीद की जाती है कि विद्यालय परिसर में उचित परिधान एवं विद्यालय आचार संहिता का अवश्य पालन करेंगे |

4. अवधान राशि (काशन मनी) प्राप्त करने के सन्दर्भ में सभी पालकों एवं अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि अपने पाल्य के एन० डी० ए० लिखित परीक्षा के विगत तीन कोर्स के प्रवेश पत्र के साथ लिखित आवेदन कर विद्यालय लेखा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं |

उपर्युक्त के सन्दर्भ में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है |

कृते

प्राचार्य

सैनिक स्कूल नालंदा